# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 355/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 04.10.2025

**डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 04.10.2025 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्नवत कार्यवाहियां की गयी-

**1-थाना मुबारकपुरः दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, पूर्व में 02 अभियुक्त हो चुके है गिरफ्तार।**

**पूर्व की घटना–**

अवगत कराना है कि दिनांक 01.10.2025 को थाना मुबारकपुर पर पीड़िता के पिता द्वारा तहरीर दिया गया कि लगभग 25 दिन पहले 09.00 बजे रात्रि मे पीड़िता शौच करने जाते समय अकेला पाकर अभियुक्त 1. आदित्य उर्फ पिलुआ पुत्र रामाश्रयर निवासी ग्राम चांड़ी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ 2. सुमित पुत्र लालधर 3. अभिषेक पुत्र रामचन्द्र निवासीगण पियरोपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ द्वारा दुष्कर्म किया गया। वीडियों बनाकर सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर प्रिन्स पुत्र लालधर निवासी पियरोपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ द्वारा वायरल किया गया, के सम्बन्ध मे थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 432/2025 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस 5G/6 पाक्सो एक्ट व 66A IT ACT पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना स्वयं प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर शशि मौलि पाण्डेय द्वारा की जा रही है।

➡इस घटना मे वांछित दो अभियुक्त सुमित पुत्र लालधन व अभिषेक पुत्र रामचन्द्र निवासीगण पियरोपुर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ को दिनांक 02.10.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तारी का विवरण–**

दिनांक 04.10.2025 को प्र0नि0 मुबारकपुर शशि मौलि पाण्डेय के निर्देशन मे उ0नि0 आशुतोष मौर्य मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आदित्य उर्फ पिलुआ पुत्र रामाश्रय निवासी ग्राम चाँडी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 19 वर्ष को इस्लामपुरा स्थित बावन बिगहा मैदान से समय करीब 07.05 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1- आदित्य उर्फ पिलुआ पुत्र रामाश्रय निवासी ग्राम चाँडी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 19 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग**

1-मु0अ0सं0 432/2025 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस 5G/6 पाक्सो एक्ट व 66A IT ACT थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ

**गिरफ्तारी करने वाली टीम –**

1-उ0नि0 आशुतोष मौर्या मय हमराह का0 दुर्गेश गौंड व का0 जितेन्द्र यादव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ

## प्रेस नोट, दिनांक 04.10.2025

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

➡ माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से **मिशन शक्ति विशेष अभियान** प्रारंभ किया गया है।

➡ **मिशन शक्ति अभियान फेज–5.0** का शुभारम्भ **दिनांक 20 सितम्बर 2025** को **शारदीय नवरात्रि** के पावन अवसर पर किया गया।

➡इसी क्रम में **दिनांक 04 अक्टूबर 2025** को जनपद **आजमगढ़** में श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी महोदय, श्रीमान् पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ महोदय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक **डॉ. अनिल कुमार** के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण / नोडल अधिकारी मिशन शक्ति **श्री चिराग जैन** तथा पर्यवेक्षण अधिकारी **श्रीमती आस्था जायसवाल, क्षेत्राधिकारी सदर** के नेतृत्व में विविध जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई।

*मुख्य गतिविधियाँ:*

**01.महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल कार्यक्रम:**

➡ जनपद के विभिन्न **मन्दिरों**, **सार्वजनिक स्थानों**, एवं **पंचायत भवनों** में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को **सरकारी योजनाओं**, **हेल्पलाइन नम्बरों** (1090, 112, 181, 1930 आदि) की जानकारी दी।

➡ **फुट पेट्रोलिंग** के दौरान रूक-रूककर स्थानीय महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मरक्षा के प्रति सजग किया गया।

**02.एण्टी रोमियो टीम द्वारा सघन चेकिंग:**

➡ जनपद के चिन्हित **हॉट-स्पॉट स्थलों** पर सभी **एण्टी रोमियो टीमों** द्वारा सतर्क निगरानी रखते हुए सघन चेकिंग की गई, जिससे महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

➡ यह अभियान महिलाओं में **सुरक्षा के प्रति जागरूकता**, **कानूनी जानकारी** और **सरकारी संसाधनों** के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**02.थाना साइबर क्राइम, आजमगढ़: साइबर जागरूकता अभियान के तहत कस्बा रानी की सराय जनपद आजमगढ़ मे प्रचार - प्रसार कर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।**

**दिनांक: 04.10.2025** श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा माह अक्टूबर (National Cyber Security Awareness Month) (NCSAM) मे साइबर जागरूकता माह मनाये जाने के निर्देश निर्गत किये गये है। जिसके क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात नोडल अधिकारी साइबर क्राइम व क्षेत्राधिकारी सदर सहायक नोडल अधिकारी आजमगढ़ के निर्देशन मे **आज दिनांक- 04.10.2025 को कस्बा रानी की सराय, आजमगढ़ मे साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर अपराधो जैसे डिजीटल अरेस्ट मे फर्जी पुलिस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी, साइबर पुलिस अधिकारी बनकर पैसे की मांग करना , मोबाइल फोन मे फर्जी एप्प डाउनलोड कराकर या लिंक पर क्लिक कराकर ठगी करना , गिफ्ट / लाटरी के नाम पर स्कैम, सोशल मीडिया (इस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, स्नैपचैट आदि) पर अन्जान व्यक्तियो / महिलाओ से दोस्ती करना, म्यूल अकाउट, फर्जी मोबाइल नम्बर आदि** के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा लाउडहेलर चलाकर तथा पम्पलेट वितरण कर प्रचार – प्रसार करते हुए आमजनमानस को साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया गया।

साइबर अपराध की घटना हो जाने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने तथा साइबर रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in की जानकारी दी गई।

**उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी:**

- म0नि0 श्रीमती विभा पाण्डेय थाना साइबर क्राईम, आजमगढ़
- उ0नि0 कलाप कलाधर त्रिपाठी थाना साइबर क्राईम, आजमगढ़
- का0 महिपाल यादव थाना साइबर क्राईम, आजमगढ़
- का0 रामाश्रय यादव थाना साइबर क्राईम, आजमगढ़